दैनिक भास्कर बुरहानपुर 20-03-2023

# क्विज प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत



नेपानगर | भारत सरकार के निर्देशानुसार 2.0 एक्शन प्लान के तहत नेपा लिमिटेड में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सौरभ देव के मार्गदर्शन में भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम विषय पर क्विज प्रतियोगिता कराई गई थी। नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में हुई प्रतियोगिता की अध्यक्षता संस्थान के महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन अजय गोयल ने की। विशेष अतिथि वरिष्ठ प्रबंधक किशन पटेल रहे। प्रतियोगिता के चयनित प्रतिभागियों का सम्मान तथा पुरस्कार वितरण विशेष अतिथि किशन पटेल के नेतृत्व में प्रबंधक विकास गौर तथा प्रबंधक पी. बैठालू द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संगीता लाल, द्वितीय स्थान संदीप ठाकरे और तृतीय स्थान प्रशांत सोनी ने पाया। प्रतियोगिता का संचालन यूएस द्विवेदी ने किया। इस दौरान नेपा लिमिटेड के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।